हकेंविवि के चार छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

बीटेक के छात्र डिग्री मिलने के बाद कलरमन प्राइवेट लिमिटेड में देंगे अपनी सेवाएं

अमर उजाला ब्यूरो

महेंद्रगढ़।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियंरिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए वीरवार से कैंपपस प्लेसमेंट की शुरूआत हो गई। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के प्रभारी प्रो. नवल किशोर के प्रयासों से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों को अध्ययन के दूसरे ही वर्ष में प्लेसमेंट मिला है।

कलरमन प्राइवेट लिमिटेड ने आशुतोष जोशी, मुकुल जालोड़िया, प्रशांत वर्मा व सुमेर सिंह को बीटेक की डिग्री प्राप्त करते ही अपने यहां सेवाएं देने के लिए सहमति पत्र दे दिया है। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ को सौंपे गए पत्र में स्पष्ट किया है कि इन विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करते ही कंपनी अपने यहां नियुक्ति प्रदान करेगी। कलरमन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमेश पंवार ने कहा कि यह उनके लिए गर्व व खुशी की बात है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी उनकी कंपनी को अपनी सेवाएं देंगे। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि उनकी कोशिश है विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कलरमन प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त किया।

हकेंविवि में कैंपस प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी स्टाफ के साथ।

लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए दिया जाता है ऋण : डीसी

नारनौल। हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा लड़कियों व महिलाओं को देश व विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बैंकों के माध्यम से ब्याज दर में 5 प्रतिशत अनुदान पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त डा. गरिमा मित्तल ने बताया कि लड़कियों व महिलाओं को देश व विदेश में तकनीकी, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर, पीएचडी व अन्य उच्च शिक्षा कोर्स में दाखिला लेने के लिए महिला विकास निगम द्वारा बैंकों के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि 5 प्रतिशत ब्याज राशि की क्षतिपूर्ति महिला विकास निगम के द्वारा की जाती है। इसके लिए आय एवं जाति की कोई शर्त नहीं हैं। उन्होंने बताया कि लड़की व महिला हरियाणा की स्थायी निवासी होनी चाहिए। इसके लिए आवेदन करने के लिए नरुला अस्पताल के पीछे स्थित महिला विकास निगम के कार्यालय से फार्म प्राप्त करना होगा।

सभी विभागों ने प्रस्तुत किया अपनी उपलब्धियों का ब्यौरा

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से वीरवार को सभी विभागों की वार्षिक उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के सभी 30 विभागों ने बीते एक वर्ष में शोध, पेटेंट, प्रोजेक्ट, कार्यशाला, संगोष्ठी, ज्ञान कोर्स, मेसिव ओपन ऑनलाइन (मूक) कोर्स विकसित करने सहित आधुनिक शैक्षणिक तकनीक के विकास की दिशा में जारी प्रयासों का विस्तार से ब्यौरा पेश किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक व शोध के मोर्चे पर विभिन्न विभागों में आपसी सहयोग व प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित हो। उन्हें आज विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रस्तुतीकरण को देखकर भरोसा है कि वो दिन दूर नहीं जब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ख्याति देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में होगी। विश्वविद्यालय के प्रो. मूल चंद सभागार में आयोजित विभागीय प्रस्तुतीकरण में उपस्थित विभागाध्यक्षों, प्रभारियों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि यह प्रयास विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में जारी श्रेष्ठ शोध व अकादमिक तकनीक को साझा करने की दिशा में अहम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के प्रस्तुतीकरण उचित अंतराल पर करवाए जाएंगे ताकि विश्वविद्यालय अपनी उपलब्धियों के माध्यम से देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में अपनी एक अलग पहचान कायम कर सके। निर्णायक मंडल में प्रो. रणवीर सिंह, प्रो. एजे वर्मा व प्रो. अमर सिंह शामिल थे।

कार्यक्रम के समापन पर प्रो. एजे वर्मा ने सभी युवा शिक्षकों को देश-विदेश व अपने विश्वविद्यालय में प्रचलित उत्तम प्रयासों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में मंच का संचालन आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. आदित्य सक्सेना ने किया।

टेक्नोलॉजी के छात्रों को दूसरे ही वर्ष में नौकरी का ऑफर

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए गुरुवार से कैंपस प्लेसमेंट की शुरूआत हो गई। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों की कड़ी मेहनत और कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के प्रभारी प्रो. नवल किशोर के प्रयासों से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के 4 विद्यार्थियों को अध्ययन के दूसरे ही वर्ष में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। एक प्राइवेट लिमिटेड ने आशुतोष जोशी, मुकुल जालोडिया, प्रशांत वर्मा व सुमेर सिंह को बीटेक की डिग्री प्राप्त करते ही अपने यहां सेवाएं देने के लिए सहमति पत्र दे दिया है।

महेंद्रगढ़। कैंपस प्लेसमेंट पाने वाले प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के साथ कुलपति। फोटो : हरिभूमि

बीटेक के चार विद्यार्थियों को मिला कैम्पस प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- **प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को दूसरे ही वर्ष में मिला अवसर**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए गुरुवार से कैंपस प्लेसमेंट की शुरूआत हो गई। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों की कड़ी मेहनत और कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के प्रभारी प्रो. नवल किशोर के प्रयासों से प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों को अध्ययन के दूसरे ही वर्ष में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। कलरमन प्राइवेट लिमिटेड ने आशुतोष जोशी, मुकुल जालोड़िया, प्रशांत वर्मा व सुमेर सिंह को बीटेक की डिग्री प्राप्त करते ही अपने यहां सेवाएं देने के लिए सहमति पत्र दे दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ को सौंपे गए इस पत्र में कंपनी ने स्पष्ट किया है कि इन विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करते ही कंपनी अपने यहां नियुक्ति प्रदान करेगी। इस अवसर पर कलरमन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमेश पंवार ने कहा कि यह उनके लिए गर्व व खुशी की बात है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी उनकी कम्पनी को अपनी सेवाएं देंगे। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि उनकी कौशिश है विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए खुशी की बात है कि विद्यार्थियों को अध्ययन के दूसरे ही वर्ष में कैम्पस प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

varsity students get job offers

Mahendragarh: Four students of Printing and Packaging Technology Department at Central University of Haryana (CUH) secured job offers during campus placement. "Ashotosh Joshi, Mukul Jalodia, Prashant Verma and Sumer Singh have been offered job by Colormann Private Limited," said the VC. TNS

The Tribune Fri
(Haryana Edition) epa